संजय जी नपावलिया घनश्याम बाफना।

# साफ सुथरा आज हो, शहर में स्वच्छता का राज हो

**शहर के उभरते कलाकारों ने विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश गीत-संगीत के माध्यम से दिया**

रतलाम(आरएनएन)। साफ सुथरा आज हो, स्वच्छता का राज हो। देश में रतलाम की एक ही आवाज हो। नगर निगम का सुंदर सपना, स्वच्छ हुआ है, रतलाम अपना। विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर ऐसे ही उत्कृष्ट गीतों के माध्यम से शहर के उभरते कलाकारों ने शुक्रवार रात रतलाम शहर की स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

नगर निगम आयुक्त के निर्देश, उपायुक्त विकास सोंलकी के निर्देशन और सफाई मित्र समूह के समन्वय से लांयस हाल में आयोजित स्वच्छता गीत गायन प्रतियोगिता में सैकड़ों प्रतियोगियों ने स्वरचित गीतों की प्रस्तुति देकर उपस्थित श्रोताओं की खूब दाद बटोरी।

कार्यक्रम में अतिथि के रुप में पर्यावरणविद् खुशालसिंह पुरोहित, उत्कृष्ट स्कूल के प्राचार्य सुभाष कुमावत, गायिका संगीता जैन, शासकीय माध्यमिक स्कूल की प्राचार्या श्रीमती राधा पाटीदार, लांयस क्लब अध्यक्ष डॉ.अमर सारस्वत और सचिव राजेश भार्गव उपस्थित रहे।

रंगबिरंगी रोशनी और एलएडी से जगमगाते लांयस सभागृह में आयोजित स्वच्छता और पर्यावरण जागरुकता गीत गायन प्रतियोगिता जूनियर और सीनियर समूह आयोजित की गई थी। इन दोनो ही समूह में सैकड़ों प्रतियोगियों ने अपना पंजीयन कराया था। प्रतियोगिता के दौरान पहले जूनियर वर्ग के प्रतियोगियों ने बेहतरीन प्रस्तुति देकर सभागृह को स्वच्छता के रंग से सराबोर कर दिया। यहां निर्णायक के रुप में अशफाक जावेदी, प्रकाश बागड़ी और डॉ.दिव्या पाटीदार उपस्थित थी। उपस्थित सभी अथितियों को आयुक्त ने स्मृति चिन्हे भेंट किए।




कार्यक्रम का संचालन डां.दिव्या पाटीदार ने किया व आभार प्रदर्शन अनिल कुमार पांचाल ने माना।

## रानी शर्मा और मृणाली आठे ने बाजी मारी

स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण पर आधारित गीत गायन प्रतियोगिता में यू तो प्रत्येक प्रतियोगी ने बेहतरीन प्रस्तुति देकर उपस्थित गीत-संगीत प्रेमियों की दाद बटोरी। निर्णायकों के परीणामों में जूनियर वर्ग में मृणाली आठे ने प्रथम स्थान प्रात किया। इसी तरह इसी वर्ग में दूसरे स्थान पर भावी जैन, तीसरे स्थान पर भूमि व्यास रही। प्रोत्साहन पुरुस्कार विशाल पांचाल को दिया गया।

25-4-22

राज एक्सप्रेस
25-4-22

**जलसंकट** • गंगासागर से 6 घंटे देर से, पोलोग्राउंड व गोशाला टंकी से दिन में दो बार करना पड़ी सप्लाई

# डेम का पानी जेकवेल से नीचे उतर रहा, टंकियां खालीं, आठ इलाकों में टैंकरों से पानी बांट रहे

25-4-22

भास्कर संवाददाता | रतलाम

धोलावड़ डेम के पानी का लेवल घटने से शहर में टैंकरों से पानी बांटने की नौबत आ गई है। वर्तमान में शिवनगर, प्रकाश नगर, टैंकर रोड, जेवीएल रोड, बरबड़ सहित आठ से ज्यादा इलाकों में टैंकरों से पानी पहुंचाना पड़ रहा है। इसके अलावा ग्लोबस, अंबिका नगर, ईश्वर नगर, सुभाष नगर, मोती नगर, अर्जुन नगर, दिलीप नगर, प्रतापगढ़ बस्ती समेत अन्य इलाकों में भी एक-दो दिन छोड़कर टैंकर भेजना पड़ रहा है। इन सबकी वजह डैम का जलस्तर (लगभग 385.45 मीटर) का तेजी से घटना है। लेवल नीचे जाने से इंटकवैल के पंप पर्याप्त पानी लिफ्ट नहीं कर पा रहे हैं। इस कारण शहर की प्रमुख पोलोग्राउंड, गोशाला और गंगासागर जैसी बड़ी टंकियां तक नहीं भर पा रही हैं। रविवार को गंगासागर टंकी से 6 घंटे की देरी से सुबह 7 बजे की बजाए दोपहर 1 बजे से पानी दिया है। पोलोग्राउंड टंकी का पूरा एरिया कवर करने के लिए सुबह 6 से 10 और शाम 5 से 9 बजे के बीच दो बार में सप्लाई देना पड़ी। यही स्थित गोशाला टंकी की रही, जिसके के क्षेत्र को दो भाग में बांटकर सुबह और शाम टंकी भरकर पानी छोड़ा गया।

## लीकेज ठीक नहीं कर रहे, नए क्षेत्र जोड़ दिए, बढ़ा मांग व आपूर्ति में अंतर

गर्मी तेज होते ही मांग और आपूर्ति में अंतर बढ़ता जा रहा है। वर्तमान में जरूरत 32 से 35 एमएलडी तक पहुंच गई है, जबकि पानी 31 से 32 एमएलडी तक ही आ रहा है। इस दो से तीन एमएलडी के अंतर को पाटन निगम के लिए मुश्किल बना हुआ है। उसने इस बार लीकेज ठीक करने के अभियान भी नहीं चलाया है, इससे लाखों गैलन पानी व्यर्थ बह जाता है। उस पर धड़ल्ले से नई कॉलोनियों और इलाके में बल्क कनेक्शन दे दिए, ज्यादा पानी लिफ्ट करने का कोई इंतजाम नहीं किया। इससे पानी की मांग तो बढ़ लेकिन आपूर्ति वही 31 से 32 एमएलडी बनी हुई है।



वार्ड 33 स्क्रैप मार्केट के पास बस्ती में पंप खराब होने से टैंकर से पानी पहुंचाया।

**इस सप्ताह चालू हो जाएगा मड पंप** - मार्च में नए इंटकवेल से दूर जा चुका धोलावड़ डैम का पानी अब जेकवेल के पाइप से नीचे उतरने लगा है, जो इस सप्ताह पाइप के नीचे चला जाएगा। यानी जेकवेल के आगे पानी में उतर चुके दो मड पंप नगर निगम को कभी भी चालू करना पड़ सकते हैं। इसके जलप्रदाय विभाग के इंजीनियर डैम के जलस्तर पर नजर बनाए हैं। दिक्कत यह है कि जेकवेल से आगे पानी लिफ्ट करने के लिए निगम के पास सिर्फ दो मड पंप ही है। एक भी खराब हो गया तो आधे से ज्यादा शहर जलसंकट की चपेट में आ जाएगा।

भास्कर
25-4-22

### रतलाम से वैष्णो देवी यात्रा के लिए 364 यात्री रवाना हुए

# विधायक काश्यप, राजेंद्रसिंह लुनेरा द्वारा ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया

## अगले साल हवाई जहाज से भी तीर्थ यात्रा का अवसर मिलेगा : विधायक काश्यप




रतलाम, संवाददाता द्वारा। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत रतलाम से वैष्णो देवी के लिए शनिवार को विशेष ट्रेन द्वारा 364 यात्री रवाना हुए। रतलाम रेलवे स्टेशन पर विधायक श्री चेतन्य काश्यप, श्री राजेंद्रसिंह लुनेरा, महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान के अध्यक्ष श्री भरत बैरागी द्वारा तीर्थ यात्रियों के लिए विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इसके पूर्व यात्रियों का स्वागत, स मान समारोहपूर्वक किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के श्री सुनील सारस्वत, अरुण त्रिपाठी, हेमंत राहोरी, के.के. सोनी, श्री नीलेश गांधी, निर्मल कटारिया, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जमुना भिड़े, एसडीएम राजेश शुक्ला, तहसीलदार श्रीमती सुनीता चौकोटिया आदि उपस्थित थे।

समारोह में मु य अतिथि विधायक चेतन्य काश्यप ने कहा कि मु यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना एक अभूतपूर्व योजना है। इसके माध्यम से हर वर्ग को अपने तीर्थ की यात्रा कराने का बीड़ा मु यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने उठाया है। योजना के तहत ऐसे तीर्थ की भी यात्राएं होगी, जिनमें हवाई जहाज की यात्रा करना होती है। उ मीद है अगले साल हवाई जहाज से भी तीर्थ यात्रा का अवसर मिलेगा। श्री काश्यप ने कहा मु यमंत्री श्री चौहान ने श्रवण कुमार की भावना लेकर सभी बुजुर्गों को तीर्थ यात्रा करवाने की शुरूआत की है। उनके नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार ने सामाजिक सरोकार के कई उपक्रम किए है, जिनमें लाडली लक्ष्मी योजना, संबल योजना से कई परिवार लाभान्वित हुए है। रतलाम में वैष्णादेवी तीर्थ की यात्रा के लिए 300 का कोटा मिला था, 364 यात्रियों का तीर्थ पर जाना प्रशासन की जागरूकता का परिचायक है।

महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान के अध्यक्ष श्री भरत बैरागी ने कहा कि हर व्यक्ति के जीवन में तीर्थ करने की कामना होती है। मु यमंत्री श्री चौहान ने तीर्थ दर्शन योजना आरंभ कर जन-जन की भावनाओं को पूरा किया है। ऐसी योजनाओं से समरसता ब?ती है। उन्होंने कहा कि रतलाम जिले में विधायक श्री चेतन्य काश्यप के प्रयासों से चौतरफा विकास कार्य हो रहे है और धार्मिक गतिविधियां भी लगातार चल रही है। समरसता और विकास की दृष्टि से रतलाम जिला नए कीर्तिमान बनाएगा।

कलेक्टर कुमार पुरूषोत्तम ने कहा कि आमतौर पर बच्चे माता-पिता को तीर्थ यात्रा करवाते है, लेकिन मध्यप्रदेश में सरकार इस जि मेदारी का निर्वाह कर लोकतांत्रिक मूल्यों को सार्थक कर रही है। कार्यक्रम के आरंभ में स्वागत उद्बोधन सुनील सारस्वत ने दिया। कार्यक्रम का संचालन श्री हेमंत राहोरी ने किया, आभार श्री नीलेश गांधी ने माना।

राज एक्सप्रेस

25-4-22

**पैलेस रोड क्षेत्र में गिरे पेड़ का दर्द** • घायलों में से एक के स्पाइनल कार्ड में प्लेट लगाना पड़ी तो दूसरे की जांघ में रॉड लगाई

# सूखे पेड़ उजाड़ सकते हैं हरी-भरी जिंदगी, हादसे के बाद शहर के मुख्य रास्तों के किनारे खड़े ठूंठ से लगने लगा डर

25-4-22

भास्कर संवाददाता | रतलाम

पैलेस रोड पर एक दिन पहले गिरे पेड़ ने चेतावनी दी है कि शहर के मुख्य रास्तों पर यमदूत की तरह खड़े सूखे पेड़ों व झुकते पेड़ों को जल्दी से हटा दिया जाए। जिम्मेदारों ने लेतलाली बरती तो किसी की भी जान जा सकती है।

तेज हवा के कारण पहले कई बार पेड़ गरिने से जाम जैसी स्थितियां बनी हैं, शनिवार को पैलेस रोड पर गिरे पेड़ के कारण दो युवा गंभीर घायल हो गए। इसके बाद जिम्मेदार नहीं जागे हैं। रोड से बिजली के तार गुजर रहे हैं, जिन पर पेड़ों के गिरने से तार टूटकर गिरने से हादसा हो सकता है। सूखे पेड़ सैलाना बस स्टैंड, कॉलेज रोड, रोटरी गार्डन के सामने, कालिका माता उद्यान रोड, पावर हाउस रोड सहित कई स्थानों पर खड़े हैं।

## दोनों पांव में लकवे की स्थिति बन गई

पेड़ के नीचे दबने से पेट्रोल पंप संचालक जैन कॉलोनी निवासी क्षितिज मूणत की रीढ़ की हड्डी फ्रैक्चर हो गई, स्पाइनल कॉर्ड फटने से दोनों पांव में लकवे की स्थिति है। मुंबई में रविवार को स्पाइनल कॉर्ड का ऑपरेशन हुआ और उसमें प्लेट डली है। इसी हादसे में घायल सेठजी का बाजार निवासी नवदीप व्यास की जांघ की हड्डी फ्रैक्चर हो गई है। रविवार को ऑपरेशन कर रॉड डाली। जांघ की हड्डी टूटकर नीचे खसकने से घुटने के नीचे की जो नस नीचे तक ब्लड सप्लाई करती है वह दब गई थी। ऑपरेशन के बाद नस से ब्लड सप्लाय वापस चालू हो गई है।

## भास्कर अलर्ट : यमदूत की तरह खड़े ये ठूंठ, जरा-सी हवा में कर सकते हैं बड़ा नुकसान

**सैलाना बस स्टैंड : सूखा पेड़ दे रहा हादसे को न्योता**



सैलाना बस स्टैंड से शहर सराय जाने वाले रास्ते पर सूखा पेड़ सालों से खड़ा है। यहां कील ठोककर लोगों ने विज्ञापन लगा रखे हैं। ये पेड़ कभी भी गिर सकता है।

**कॉलेज परिसर : विद्यार्थियों के साथ राह चलते पर गिर सकता है**



कॉलेज में भी सूखा पेड़ है। यह कॉलेज के अंदर गिरा तो विद्यार्थियों को नुकसान पहुंचा सकता है और रोड साइड गिरा तो राह चलते लोगों की जान ले सकता है।

**रोटरी गार्डन : आसपास पक्की क्यारी बना दी लेकिन हटाया नहीं**



रोटरी गार्डन के बाहर एक सूखा पेड़ है, जिसके आसपास नगर निगम ने पक्की क्यारी बना दी लेकिन इसे अब तक हटाया नहीं है। इसके पास से बिजली के तार भी गुजर रहे हैं।

**कालिका माता उद्यान के बाहर : दोनों पेड़ों को सजा तो दिया लेकिन काटा नहीं**



कालिका माता उद्यान क्षेत्र के बाहर लगे दो सूखों पेड़ों को सजा दिया गया है। टायर को कलर कर पेड़ पर टांग दिया है इसे हटाने की आज तक कोई तैयारी नहीं की गई है।

*झुके और सूखे पेड़ों का सर्वे होगा, फिर अनुमति लेकर हटाएंगे-*

▪ अब शहर के झुके और सूखे पेड़ों का सर्वे करवाया जाएगा। फिर अनुमति लेकर इन्हें हटाया जाएगा।
-धर्मेंद्र दोगाया, उद्यान पर्यवेक्षक, नगर निगम

25-4-22

**भास्कर ब्रेकिंग** • सितंबर 2020 में नगरपालिक निगम अधिनियम की धारा 136 में हुए संशोधन में शासन ने जोड़ा नया प्रावधान

# देरी पड़ेगी भारी... यदि 2021-22 में प्रॉपर्टी टैक्स जमा नहीं किया है तो इस साल 15% पेनाल्टी के साथ देना होगा दोगुना टैक्स

**खुद के घर पर प्रॉपर्टी टैक्स में मिलने वाली 50% की छूट अब सिर्फ करेंट ईयर तक सीमित**

मनोज जोशी | भोपाल

अगर आपने पिछले वित्त वर्ष में प्रॉपर्टी टैक्स जमा नहीं किया है तो अब आपको दोगुना टैक्स देना होगा और उस पर 15% फीसदी पेनाल्टी अलग से लगेगी। यानी अगर आप का प्रॉपर्टी टैक्स 2000 रुपए है तो अब आपको 4600 रुपए देने होंगे। इसके लिए शासन ने नगरपालिक निगम अधिनियम में डेढ़ साल पहले के संशोधन में प्रॉपर्टी टैक्स की गणना में बड़ा बदलाव कर दिया है। इसमें खुद के निवास वाले मकान में प्रॉपर्टी टैक्स में मिलने वाली 50% छूट को सिर्फ करेंट ईयर तक सीमित कर दिया गया है। इसका असर ये हुआ कि बकायादारों के लिए अगले साल टैक्स अपने आप दोगुना हो गया और 15% की पेनाल्टी तो लागू होना ही है। टैक्स कलेक्शन की यही प्रक्रिया वित्त वर्ष 2021-22 से पूरे प्रदेश में लागू है, लेकिन इसका असर इसी वित्त वर्ष 2022-23 से दिखने लगेगा।

25-4-22

## अब तक ये था नियम... खुद के घर का प्रॉपर्टी टैक्स आधा ही देना होता था

प्रॉपर्टी टैक्स की गणना नगरपालिक निगम अधिनियम की धारा 136 के तहत होती है। धारा 136 (3) (आई) में लिखा है कि अब तक खुद के निवास वाली प्रॉपर्टी पर टैक्स में 50% छूट मिलती थी। शासन ने अब इसमें यह जोड़ दिया है कि यह छूट केवल तभी मिलेगी, जब चालू वित्त वर्ष में टैक्स जमा करा दिया जाए। सितंबर 2020 में हुआ यह संशोधन पिछले वित्त वर्ष यानी 2021-22 से लागू हो चुका है। यानी पिछले वित्त वर्ष के बकायादारों पर इसका प्रभाव पड़ेगा।

**भोपाल के 2.09 लाख बकायादारों ने नहीं जमा किया टैक्स :** अकेले भोपाल शहर में प्रॉपर्टी टैक्स के 4.67 लाख खाते हैं। इस साल इसमें से 2.58 लाख लोगों ने टैक्स जमा किया। यानी 2.09 लाख बकायादार हैं। 90 प्रतिशत खातों में स्वयं निवास ही दर्ज है। इनमें से 41,000 बकायादार ऐसे हैं जिन पर केवल एक साल का टैक्स बकाया है। शेष पर दो साल और अधिक का टैक्स बकाया है।

## हम 31 अगस्त के बाद लागू करेंगे

*राज्य सरकार द्वारा किए गए कानून में संशोधन के बाद यह लागू हो गया है। अभी नए नियम का प्रचार नहीं हुआ है, इसलिए हम इसे 31 अगस्त के बाद लागू करेंगे। यानी बकायादार यदि 31 अगस्त तक टैक्स जमा कर दें तो हम केवल 15% की पेनाल्टी लेंगे और लोक अदालत में तो उस पेनाल्टी पर भी छूट मिल जाएगी।*

**- वीएस चौधरी कोलसानी,**
कमिश्नर, नगर निगम, भोपाल

भास्कर
25-4-22

# शिव 'राज' में हर गरीब के सिर छत का सपना होगा साकार

## 27 अप्रैल को 21 हजार परिवारों को गृह प्रवेश कराएंगे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान

25-4-22

**विनोद शर्मा, स्वतंत्र समय, भोपाल।**

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का लक्ष्य है कि प्रदेश के हर गरीब का अपना पक्का मकान हो। इसके लिए प्रदेश सरकार निरंतर काम कर रही है। मुख्यमंत्री का कहना है कि जल्द ही हर गरीब के सिर पर पक्की छत का सपना साकार किया जाएगा। इसके लिए युद्ध स्तर पर काम चल रहा है। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 27 अप्रैल को एक लाख से अधिक हितग्राहियों को हितलाभ वितरित करेंगे। वे 21 हजार परिवारों को गृह प्रवेश कराएंगे और 30 हजार से अधिक आवासों के लिए भूमि पूजन करेंगे। कार्यक्रम भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र में आयोजित होगा। इस मौके पर सिंगल क्लिक से 50 हजार हितग्राहियों के बैंक खातों में 500 करोड़ रुपए जमा कराए जाएंगे। इन आवासों की लागत 3900 करोड़ रुपए है। उधर, प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में भी कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिनमें क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों सहित नागरिक और लाभार्थी मौजूद रहेंगे। मुख्यमंत्री हितग्राहियों से वर्चुअल चर्चा भी करेंगे। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह, विभाग के राज्यमंत्री ओपीएस भदौरिया भी कार्यक्रम में शामिल होंगे।



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का संकल्प है कि प्रदेश का कोई भी गरीब कच्चे मकान में नहीं रहेगा। हर व्यक्ति का अपना पक्का मकान होगा। प्रधानमंत्री आवास योजना में वर्ष 2024 तक हर व्यक्ति को पक्का आवास उपलब्ध करा दिया जाएगा। मुख्यमंत्री के इसी संकल्प को पूरा करने के लिये प्रदेश में ग्रामीण विकास विभाग द्वारा इस योजना में तेजी से कार्य जारी है और इसके अच्छे परिणाम सामने आए हैं। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी 29 मार्च को प्रदेश के 5 लाख ... हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आ... (ग्रामीण) में गृह-प्रवेश (वर्चु... था। प्रदेश में अभी तक इस यो... लाख 10 हजार से अधिक आवा... जा चुके हैं। वर्ष 2016-17 ... 152 आवास पूर्ण हुए थे, वर्ष 2... 6 लाख 36 हजार, वर्ष 201... लाख 79 हजार, वर्ष 2019-20 ... 71 हजार, वर्ष 2020-21 में ... हजार एवं वर्ष 2021-22 में ... हजार से अधिक प्रधानमंत्री आवा... जा चुके हैं। योजना के अंतर्गत प्रो... सहरिया एवं भारिया जनजातियों ... आवासों में से 23 हजार से अ... पूर्ण कराए जा चुके हैं।

## हर बेघर को 2024 तक पक्का आवास

भारत सरकार ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा एक अप्रैल, 2016 से प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) देश में शुरू की गई। इसमें सभी पात्र बेघर परिवारों एवं कच्चे तथा जीर्ण-शीर्ण मका... परिवारों को वर्ष 2024 तक पक्का आवास उपलब्ध कराया जाएगा, जिनमें सभी बुनियादी सुविधाएं होंगी। योजना में हितग्राही का चयन सामाजिक, आर्थिक एवं जाति जनगणना-2021 की ... आधार पर किया जाता है। योजना में समतल क्षेत्र में रहने वाले व्यक्तियों को 01 लाख 20 हजार रुपए प्रति आवास एवं आईपीए जिलों (इंटीग्रेटेड एक्शन प्लान फॉर ट्राइबल एण्ड बैकवर्ड डिस्ट्... लाख 30 हजार रुपए प्रदान किये जाते हैं। आवास स्वीकृत होने पर 25 हजार रुपए की पहली किश्त, प्लिंथ स्तर पर 40/45 हजार रुपए की दूसरी किश्त, लिंटल स्तर पर 40/45 हजार रुप... किश्त तथा आवास पूर्ण होने पर 15 हजार रुपए की चौथी किश्त दी जाती है। साथ ही शौचालय निर्माण के लिये 12 हजार रुपए अतिरिक्त रूप से दिए जाते हैं। मनरेगा योजना में आवास के ... 90 से 95 दिन की मजदूरी का भुगतान भी किया जाता है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का कहना है कि हमारा टारगेट है कि 2024 तक हर गरीब को पक्की छत उपलब्ध करा...

स्वतंत्र समय 25-4-22




# वैष्णो देवी यात्रा के लिए 364 यात्री रवाना

रतलाम ● स्वदेश समाचार

तीर्थ दर्शन योजना के तहत रतलाम से वैष्णो देवी के लिए शनिवार को विशेष ट्रेन द्वारा 364 यात्री रवाना हुए। रतलाम रेलवे स्टेशन पर विधायक चेतन्य काश्यप, राजेंद्रसिंह लुनेरा, महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान के अध्यक्ष भरत बैरागी द्वारा तीर्थ यात्रियों के लिए विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इसके पूर्व यात्रियों का स्वागत, सम्मान समारोहपूर्वक किया गया।

श्री काश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना एक अभूतपूर्व योजना है। इसके माध्यम से हर वर्ग को अपने तीर्थ की यात्रा कराने का बीड़ा मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने उठाया है। योजना के तहत ऐसे तीर्थ की भी यात्राएं होगी, जिनमें हवाई जहाज की यात्रा करना होती है। उम्मीद है अगले साल हवाई जहाज से भी तीर्थ यात्रा का अवसर मिलेगा। श्री काश्यप ने कहा कि रतलाम में वैष्णादेवी तीर्थ की यात्रा के लिए 300 का कोटा मिला था, 364 यात्रियों का तीर्थ पर जाना प्रशासन की जागरूकता का परिचायक है। महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान के अध्यक्ष भरत बैरागी ने कहा कि हर व्यक्ति के जीवन में तीर्थ करने की कामना होती है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने तीर्थ दर्शन योजना आरंभ कर जन-जन की भावनाओं को पूरा किया है। ऐसी योजनाओं से समरसता बढ़ती है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने कहा कि आमतौर पर बच्चे माता-पिता को तीर्थ यात्रा करवाते है, लेकिन मध्यप्रदेश में सरकार इस जिम्मेदारी का निर्वाह कर लोकतांत्रिक मूल्यों को सार्थक कर रही है। कार्यक्रम के आरंभ में स्वागत उद्बोधन सुनील सारस्वत ने दिया।

## देवरा देवनारायण कॉलोनी की 24 बीघा भूमि हुई नगर निगम के नाम

रतलाम ● देवरा देवनारायण कॉलोनी की 24 बीघा भूमि का स्वामित्व न्यायालय तहसीलदार तहसील रतलाम शहर द्वारा नगर निगम रतलाम को आदेश पारित कर गया। उक्त भूमि का प्रकरण काफी लंबे समय से लंबित था। कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम द्वारा निपटारे के लिए निगम आयुक्त तथा राजस्व विभाग को निर्देशित किए जाने पर त्वरित कार्रवाई की जाकर भूमि का नामांतरण नगर निगम रतलाम के नाम किया गया। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि तत्कालीन नगर सुधार न्यास द्वारा 1991 में 24 बीघा भूमि देवरा देव नारायण ट्रस्ट से अधिग्रहित की गई थी तब न्यास द्वारा 5 लाख की राशि मुआवजे के रूप में दी गई थी। इसके पश्चात वर्ष 2015 में शेष राशि 19 लाख नगर निगम रतलाम द्वारा ट्रस्ट को भुगतान की गई थी किन्तु नामांतरण लंबित था। कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम द्वारा प्रकरण के निपटारे हेतु पहल करते हुए निराकरण करवाया गया। तहसीलदार शहर न्यायालय द्वारा आदेश पारित कर दिया गया।

वैधानिक ...

# मुख्यमंत्री 27 को हितग्राहियों को वितरित करेंगे हितलाभ

रतलाम। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 27 अप्रैल को प्रातः11 बजे भोपाल के कुशभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन केन्द्र में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के एक लाख से अधिक हितग्राहियों को हितलाभ वितरित करेंगे। मुख्यमंत्री चौहान द्वारा सिंगल क्लिक से 50 हजार से अधिक हितग्राहियों को 500 करोड़ रुपए की राशि का अंतरण किया जायेगा। साथ ही 30 हजार से अधिक हितग्राहियों के आवासों का भूमि-पूजन एवं 21 हजार हितग्राहियों के नवीन आवासों का गृह प्रवेश भी करवाया जायेगा। इन आवासों की कुल लागत लगभग 3900 करोड़ रुपए है। मुख्यमंत्री चौहान हितग्राहियों से संवाद भी करेंगे।

# देवरा देवनारायण कॉलोनी की 24 बीघा भूमि हुई नगर निगम रतलाम के नाम

रतलाम। देवरा देवनारायण कॉलोनी की 24 बीघा भूमि का स्वामित्व न्यायालय तहसीलदार तहसील रतलाम शहर द्वारा नगर निगम रतलाम को आदेश पारित कर गया। उक्त भूमि का प्रकरण काफी लंबे समय से लंबित था। कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम द्वारा निपटारे के लिए निगम आयुक्त तथा राजस्व विभाग को निर्देशित किये जाने पर त्वरित कार्यवाही की जाकर भूमि का नामांतरण नगर निगम रतलाम के नाम किया गया। निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने बताया कि तत्कालीन नगर सुधार न्यास द्वारा 1991 में 24 बीघा भूमि देवरा देव नारायण ट्रस्ट से अधिग्रहित की गई थी तब न्यास द्वारा 5 लाख की राशि मुआवजे के रूप में दी गई थी। इसके पश्चात वर्ष 2015 में शेष राशि 19 लाख नगर निगम रतलाम द्वारा ट्रस्ट को भुगतान की गई थी किन्तु नामांतरण लंबित था। कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम द्वारा प्रकरण के निपटारे हेतु पहल करते हुए निराकरण करवाया गया। तहसीलदार शहर न्यायालय द्वारा शुक्रवार को आदेश पारित कर दिया गया।

# देवरा देवनारायण कॉलोनी की 24 बीघा भूमि हुई नगर निगम रतलाम के नाम

रतलाम, संवाददाता द्वारा। देवरा देवनारायण कॉलोनी की 24 बीघा भूमि का स्वामित्व न्यायालय तहसीलदार तहसील रतलाम शहर द्वारा नगर निगम रतलाम को आदेश पारित कर गया। उक्त भूमि का प्रकरण काफी लंबे समय से लंबित था। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा निपटारे के लिए निगम आयुक्त तथा राजस्व विभाग को निर्देशित किये जाने पर त्वरित कार्यवाही की जाकर भूमि का नामांतरण नगर निगम रतलाम के नाम किया गया।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि तत्कालीन नगर सुधार न्यास द्वारा 1991 में 24 बीघा भूमि देवरा देव नारायण ट्रस्ट से अधिग्रहित की गई थी तब न्यास द्वारा 5 लाख की राशि मुआवजे के रूप में दी गई थी। इसके पश्चात वर्ष 2015 में शेष राशि 19 लाख नगर निगम रतलाम द्वारा ट्रस्ट को भुगतान की गई थी किन्तु नामांतरण लंबित था। कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम द्वारा प्रकरण के निपटारे हेतु पहल करते हुए निराकरण करवाया गया। तहसीलदार शहर न्यायालय द्वारा शुक्रवार को आदेश पारित कर दिया गया। सेतु संकल्प 24-4

सेतु संकल्प
24-4-22

# देवरा देवनारायण कॉलोनी की 24 बीघा भूमि हुई नगर निगम रतलाम के नाम

25-4

रतलाम। देवरा देवनारायण कॉलोनी की 24 बीघा भूमि का स्वामित्व न्यायालय तहसीलदार तहसील रतलाम शहर द्वारा नगर निगम रतलाम को आदेश पारित कर गया। उक्त भूमि का प्रकरण काफी लंबे समय से लंबित था। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा निपटारे के लिए निगम आयुक्त तथा राजस्व विभाग को निर्देशित किये जाने पर त्वरित कार्यवाही की जाकर भूमि का नामांतरण नगर निगम रतलाम के नाम किया गया। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि तत्कालीन नगर सुधार न्यास द्वारा 1991 में 24 बीघा भूमि देवरा देव नारायण ट्रस्ट से अधिग्रहित की गई थी तब न्यास द्वारा 5 लाख की राशि मुआवजे के रूप में दी गई थी। इसके पश्चात वर्ष 2015 में शेष राशि 19 लाख नगर निगम रतलाम द्वारा ट्रस्ट को भुगतान की गई थी किन्तु नामांतरण लंबित था। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा प्रकरण के निपटारे हेतु पहल करते हुए निराकरण करवाया गया। तहसीलदार शहर न्यायालय द्वारा शुक्रवार को आदेश पारित कर दिया गया। नवभारत

नवभारत
25-4-

## 24 बीघा जमीन निगम के नाम

24-4 प्रभात किरण

रतलाम, नप्र। न्यायालय तहसीलदार तहसील रतलाम शहर ने देवरा देवनारायण कॉलोनी की 24 बीघा भूमि का स्वामित्व नगर निगम रतलाम के नाम आदेश पारित कर दिया। इस भूमि का प्रकरण काफी लंबे समय से लंबित था। कलेक्टर ने निपटारे के लिए निगम आयुक्त तथा राजस्व विभाग को निर्देशित किया था जिसके चलते भूमि का नामांतरण नगर निगम के नाम किया गया।

प्रभात किरण
24-4-22

# देवरा देवनारायण कॉलोनी की 24 बीघा भूमि हुई नगर निगम रतलाम के नाम

रतलाम » दबंग रिपोर्टर

देवरा देवनारायण कॉलोनी की 24 बीघा भूमि का स्वामित्व न्यायालय तहसीलदार तहसील रतलाम शहर द्वारा नगर निगम रतलाम को आदेश पारित कर गया। उक्त भूमि का प्रकरण काफी लंबे समय से लंबित था। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा निपटारे के लिए निगम आयुक्त तथा राजस्व विभाग को निर्देशित किये जाने पर त्वरित कार्यवाही की जाकर भूमि का नामांतरण नगर निगम रतलाम के नाम किया गया।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि तत्कालीन नगर सुधार न्यास द्वारा 1991 में 24 बीघा भूमि देवरा देव नारायण ट्रस्ट से अधिग्रहित की गई थी। न्यास द्वारा 5 लाख की राशि मुआवजे के रूप में दी गई थी। इसके पश्चात वर्ष 2015 में शेष राशि 19 लाख नगर निगम रतलाम द्वारा ट्रस्ट को भुगतान की गई थी किन्तु नामांतरण लंबित था। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा प्रकरण के निपटारे हेतु पहल करते हुए निराकरण करवाया गया। तहसीलदार शहर न्यायालय द्वारा आदेश पारित कर दिया गया।

दबंग इंडिया 25-4

दबंग इंडिया
25-4-22

# महाराणा प्रताप एवं छत्रसाल बुंदेला जयंती पर घोषित किया जाए सार्वजनिक अवकाश



रतलाम। राजपूत समाज का प्रतिनिधि मण्डल देश के गौरव, वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप एवं छत्रसाल बुंदेला की जयंती के अवसर पर 2 जून को प्रदेश में सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग को लेकर विधायक चेतन्य काश्यप से मिला। समाजजनों ने श्री काश्यप को मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के नाम ज्ञापन सौंपा। श्री काश्यप ने प्रत्युत्तर में समाजजनों की भावना से मुख्यमंत्री श्री चौहान को अवगत कराने का आश्वासन दिया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष एवं राजपूत बोर्डिंग के उपाध्यक्ष राजेन्द्रसिंह लुनेरा उपस्थित रहे।

समाजजनों द्वारा दिए गए ज्ञापन में राष्ट्रपुरूष महाराणा प्रताप एवं छत्रसाल बुंदेला द्वारा राष्ट्र के निर्माण में किए गए योगदान को आम लोगों के बीच साझा करने हेतु प्रयास करने का आग्रह भी किया गया है। इससे आने वाली पीढ़ी महापुरूषों के त्याग एवं बलिदान से प्रेरित होकर राष्ट्र सेवा में अपना योगदान देने हेतु अग्रसर होगी। ज्ञापन देते समय समाज के

## 25-4 राजपूत समाज ने विधायक को सौंपा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन

राजेन्द्रसिंह गोयल, किशोरसिंह चौहान, टीकमसिंह सोलंकी, शैलेन्द्रसिंह देवड़ा, चेनसिंह सांखला, मनोहरसिंह चौहान, महेन्द्रसिंह सिसौदिया, रघुवीरसिंह सांखला, गोविंदसिंह चौहान, गोपालसिंह गेहलोत, निखिलेशसिंह पंवार, राजेशसिंह पंवार, सुरेन्द्रसिंह भाटी, भारतसिंह सिसौदिया, विरेन्द्रसिंह राठौर, उषा पंवार, राजेश्वरी राठौर, मंजुला गेहलोत, कविता देवड़ा, गायत्री चौहान, अन्नू हारोड़, प्रीति सोलंकी, सीमा देवड़ा, देवीसिंह राठौर, रंजना चौहान, किरण तंवर, सुरेशसिंह चावड़ा आदि उपस्थित रहे। नवभारत

## अभिनंदन किया

शहर में चौतरफा विकास कार्यों एवं महलवाड़ा के सौंदर्यीकरण के साथ उसे हेरीटेज के रूप में विकसित करने के प्रयास करने पर राजपूत समाज ने विधायक चेतन्य काश्यप का अभिनंदन भी किया। सम्मान स्वरूप श्री काश्यप को समाजजनों ने साफा पहनाया एवं प्रतीक चिन्ह भेंट किया। इस दौरान श्री राजपूत समाज, श्री राजपूत नवयुवक मण्डल न्यास एवं महिला मण्डल, श्री चारभुजानाथ नवयुवक मण्डल, राजपूत करणीसेना, अ.भा. क्षत्रीय महासभा के सदस्यगण उपस्थित रहे।

नवभारत
25-4-22

# मुख्यमंत्री श्री चौहान 27 अप्रैल को पीएम आवास योजना शहरी के हितग्राहियों को वितरित करेंगे हितलाभ

रतलाम । मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान 27 अप्रैल बुधवार को प्रातः11 बजे भोपाल के कुशभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन केन्द्र में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के एक लाख से अधिक हितग्राहियों को हितलाभ वितरित करेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा सिंगल क्लिक से 50 हजार से अधिक हितग्राहियों को 500 करोड़ रूपये की राशि का अंतरण किया जायेगा। साथ ही 30 हजार से अधिक हितग्राहियों के आवासों का भूमि-पूजन एवं 21 हजार हितग्राहियों के नवीन आवासों का गृह प्रवेश भी करवाया जायेगा। इन आवासों की कुल लागत लगभग 3900 करोड़ रूपये है। मुख्यमंत्री श्री चौहान हितग्राहियों से संवाद भी करेंगे। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह एवं राज्य मंत्री श्री ओ.पी.एस भदौरिया भी शामिल होंगे। प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में भी कार्यक्रम होंगे। जहाँ क्षेत्रीय जन-प्रतिनिधियों सहित नागरिक और लाभार्थी मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जनसम्पर्क के पोर्टल, दूरदर्शन एवं सोशल मीडिया के विभिन्न माध्यमों से होगा। 25-4

25-4-22

## अगले साल हवाई जहाज से भी तीर्थ यात्रा का अवसर मिलेगा : विधायक काश्यप

# वैष्णो देवी यात्रा के लिए 364 यात्री रवाना हुए

रतलाम » दबंग रिपोर्टर



मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत रतलाम से वैष्णो देवी के लिए शनिवार को विशेष ट्रेन द्वारा 364 यात्री रवाना हुए। रतलाम रेलवे स्टेशन पर विधायक चेतन्य काश्यप द्वारा तीर्थ यात्रियों के लिए विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

इसके पूर्व यात्रियों का स्वागत, सम्मान समारोहपूर्वक किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के सुनील सारस्वत, अरुण त्रिपाठी, नीलेश गांधी, निर्मल कटारिया, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, एसपी अभिषेक तिवारी, सीईओ जिपं जमुना भिड़े, एसडीएम राजेश शुक्ला, तहसीलदार अनीता चौकोटिया आदि उपस्थित थे। समारोह में मुख्य अतिथि विधायक श्री काश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना एक अभूतपूर्व योजना है। इसके माध्यम से हर वर्ग को अपने तीर्थ की यात्रा कराने का बीड़ा मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने उठाया है। योजना के तहत ऐसे तीर्थ की भी यात्राएं होगी, जिनमें हवाई जहाज की यात्रा करना होती है। उम्मीद है अगले साल हवाई जहाज से भी तीर्थ यात्रा का अवसर मिलेगा। रतलाम में वैष्णादेवी तीर्थ की यात्रा के लिए 300 का कोटा मिला था, 364 यात्रियों का तीर्थ पर जाना प्रशासन की जागरूकता का परिचायक है। कलेक्टर ने कहा कि आमतौर पर बच्चे माता-पिता को तीर्थ यात्रा करवाते है, लेकिन मध्यप्रदेश में सरकार इस जिम्मेदारी का निर्वाह कर लोकतांत्रिक मूल्यों को सार्थक कर रही है। कार्यक्रम के आरंभ में स्वागत उद्बोधन सुनील सारस्वत ने दिया। संचालन हेमंत राहोरी ने किया। आभार नीलेश गांधी ने माना।

दबंग दुनिया 25-4

---

## मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना

# रतलाम से वैष्णो देवी यात्रा के लिए 364 यात्री रवाना हुए

स्वर्णिम रतलाम 25-4

### विधायक श्री काश्यप, श्री राजेंद्रसिंह लुनेरा द्वारा ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया



रतलाम। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत रतलाम से वैष्णो देवी के लिए शनिवार को विशेष ट्रेन द्वारा 364 यात्री रवाना हुए। रतलाम रेलवे स्टेशन पर विधायक श्री चेतन्य काश्यप, श्री राजेंद्रसिंह लुनेरा, महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान के अध्यक्ष श्री भरत बैरागी द्वारा तीर्थ यात्रियों के लिए विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इसके पूर्व यात्रियों का स्वागत, सम्मान समारोहपूर्वक किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के श्री सुनील सारस्वत, श्री अरुण त्रिपाठी, श्री हेमंत राहोरी, श्री के.के. सोनी, श्री नीलेश गांधी, श्री निर्मल कटारिया, कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम, पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक तिवारी, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जमुना भिड़े, एसडीएम श्री राजेश शुक्ला, तहसीलदार श्रीमती अनीता चौकोटिया आदि उपस्थित थे। समारोह में मुख्य अतिथि विधायक श्री चेतन्य काश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना एक अभूतपूर्व योजना है। इसके माध्यम से हर वर्ग को अपने तीर्थ की यात्रा कराने का बीड़ा मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान ने उठाया है। योजना के तहत ऐसे तीर्थ की भी यात्राएं होगी, जिनमें हवाई जहाज की यात्रा करना होती है। उम्मीद है अगले साल हवाई जहाज से भी तीर्थ यात्रा का अवसर मिलेगा। श्री काश्यप ने कहा मुख्यमंत्री श्री चौहान ने श्रवण कुमार की भावना लेकर सभी बुजुर्गों को तीर्थ यात्रा करवाने की शुरूआत की है। उनके नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार ने सामाजिक सरोकार के कई उपक्रम किए है, जिनमें लाडली लक्ष्मी योजना, संबल योजना से कई परिवार लाभान्वित हुए है। रतलाम में वैष्णादेवी तीर्थ की यात्रा के लिए 300 का कोटा मिला था, 364 यात्रियों का तीर्थ पर जाना प्रशासन की जागरूकता का परिचायक है। महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान के अध्यक्ष श्री भरत बैरागी ने कहा कि हर व्यक्ति के जीवन में तीर्थ करने की कामना होती है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने तीर्थ दर्शन योजना आरंभ कर जन-जन की भावनाओं को पूरा किया है। ऐसी योजनाओं से समरसता बढ़ती है। उन्होंने कहा कि रतलाम जिले में विधायक श्री चेतन्य काश्यप के प्रयासों से चौतरफा विकास कार्य हो रहे है और धार्मिक गतिविधियां भी लगातार चल रही है। समरसता और विकास की दृष्टि से रतलाम जिला नए कीर्तिमान बनाएगा। कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने कहा कि आमतौर पर बच्चे माता-पिता को तीर्थ यात्रा करवाते है, लेकिन मध्यप्रदेश में सरकार इस जिम्मेदारी का निर्वाह कर लोकतांत्रिक मूल्यों को सार्थक कर रही है। कार्यक्रम के आरंभ में स्वागत उद्बोधन श्री सुनील सारस्वत ने दिया। कार्यक्रम का संचालन श्री हेमंत राहोरी ने किया, आभार श्री नीलेश गांधी ने माना।

# फोटो, वीडियो रिकार्डिंग के बाद सब्जीवालों को मिलेगी जगह

**इंतजार** ● रविवार को दिन भर निगम अमला करता सर्वे, 24 अप्रैल से लागू होना थी नई व्यवस्था, अब कुछ दिन और लगेंगे

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। शहर में सड़क किनारे सब्जी, फल बेचने वालों को तय स्थानों पर ही व्यापार करने के लिए रविवार से लागू की जाने वाली व्यवस्था में कुछ और समय लग सकता है। शहर में चल रही शिव महापुराण कथा और विक्रेताओं की रिकार्डिंग, फोटो लेने के चलते 24 अप्रैल से इस पर अमल नहीं हो पाया।

मालूम हो कि कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने निगमायुक्त को गत टीएल में निर्देशित किया था कि 24 अप्रैल से सभी सब्जी, फल विक्रेता शहर में विक्रय नहीं करेंगे। नई व्यवस्था में इन्हें त्रिवेणी परिसर, सैलाना ब्रिज के नीचे, साक्षी पेट्रोल पंप के सामने तथा जवाहर नगर शमशान के समीप विक्रय के लिए स्थान दिया जाना तय किया गया है। इस निर्णय के बाद त्रिवेणी में सब्जी मंडी स्थानांतरित करने का विरोध भी होने लगा। इधर वास्तविक लोगों को ही सब्जी विक्रय के लिए स्थान देने के लिए जोनवार वीडियो रिकार्डिंग के साथ ही विक्रेताओं, व्यापारियों के फोटो भी लिए जा रहे हैं। रविवार को नगर निगम का राजस्व विभाग का अमला वीडियो व फोटो लेता रहा। हालांकि रविवार होने व अधिकांश सब्जी विक्रेताओं के शिवमहापुराण कथा में जाने से सर्वे पूरा नहीं हो पाया। अब सोमवार को आगे का काम होगा।

**कवायद जारी**

- विक्रेताओं के शिवमहापुराण कथा में जाने से सर्वे पूरा नहीं हो पाया
- वास्तविक कब्जेदारों को लेकर जांच भी कराई थी, पर मामला ठंडे बस्ते में



### चार जोन बनाकर करेंगे चिह्नित

शहर में अलग-अलग स्थानों पर नीचे बैठकर या हाथठेला लगाकर फुटकर सब्जी व फल बेचने वालों की संख्या करीब 600 है। इन्हें चार जोन में बांटकर स्थान दिया जाएगा। वर्तमान में टीआइटी रोड, पैलेस रोड, त्रिपोलिया गेट, तोपखाना, माणकचौक, सेंट जोसफ कांवेंट स्कूल के समीप, महू रोड, डाट की पुल रोड, घास बाजार, राममंदिर के समीप, बरबड़ रोड के किनारे, कस्तूरबा नगर मार्ग पर सड़क किनारे सब्जी-फल विक्रेता व्यापार करते हैं। इससे आवागमन बाधित होने के साथ ही हादसे की भी आशंका बनी रहती है।

> शहर में सब्जी विक्रेताओं को तय स्थानों पर ही व्यापार के लिए सभी सुविधा दी जाएगी। जोनवार स्थल आवंटन करेंगे। इस पर काम चल रहा है।
> **- सोमनाथ झारिया, निगमायुक्त**

25-4-22

**माणकचौक पुरानी सब्जी मंडी अनुपयोगी, ओटलों की अवैध बिक्री :** शहर में अब नई सर्वसुविधायुक्त सब्जी मंडी की आवश्यकता भी महसूस की जा रही है। वर्ष 1980 से 2010 तक माणकचौक स्थित सब्जी मंडी में पूरे शहर से लोग सब्जी खरीदने आते थे और वहां व्यापार भी अच्छा होता था। इसके बाद शहर का विस्तार तेजी से होने से अलग-अलग स्थानों पर सब्जी विक्रेताओं की संख्या बढ़ने और माणकचौक में जाम की समस्या से संख्या कम होती गई। मंडी में ओटलों की बिक्री अवैध तौर पर आठ से दस लाख रुपये में हो गई। सड़क की ओर की मुख्य दुकानवालों ने भी पीछे के ओटले आदि लेकर दुकान लंबी कर ली। अब यहां नाममात्र की सब्जी दुकानें हैं। अवैध कब्जा भी होने लगा है। पूर्व में नगर निगम ने वास्तविक कब्जेदारों को लेकर जांच भी कराई थी, लेकिन बाद में मामला ठंडे बस्ते में चला गया।

नईदुनिया
25-4-22

एक टंकी से दोपहर में दो से शाम को सप्लाई, टैंकरों से भी कर रहे आपूर्ति

# देर से भरा रही टंकियां, बढ़ेगा जलसंकट

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। धोलावड़ जलाशय में जलस्तर कम होने के साथ ही बिजली आपूर्ति में बाधा, मोटरपंप जलने से शहर में जलवितरण व्यवस्था प्रभावित हो रही है। गत चार दिनों से शहर में पेयजल टंकियां समय पर नहीं भरने से अलग-अलग क्षेत्रों में देरी से जल वितरण हो रहा है। रविवार को गंगासागर टंकी से सुबह की बजाए दोपहर दो बजे तो शांतिनगर व पोलोग्राउंड टंकी से शाम करीब छह बजे आपूर्ति की गई।

इधर धोलावड़ में जलस्तर कम होने से 30 अप्रैल या दो मई तक पानी खींचने के लिए मडपंप लगाना पड़ सकते हैं। इससे डैम से पानी की आपूर्ति और कम हो जाएगी। दैनिक मांग के मुकाबले आपूर्ति कम होने से मई के पहले सप्ताह से जलसंकट गहरा सकता है। इधर नगर निगम अपने टैंकरों से भी पाइपलाइन विहीन क्षेत्रों में जलवितरण कर रहा है। सबसे ज्यादा समस्या ऊंचाई वाले क्षेत्रों में आ रही है।

**बोरिंग सूखने से बढ़ने लगी मांग** : हनुमान ताल से शहर के पटरी पार क्षेत्र में भूमिगत जलस्तर बना रहता है। इससे बड़ी आबादी बोरिंग के जरिये पानी की जरूरत पूरा करती है। हनुमान ताल में भी पानी बेहद कम हो गया है। इसके चलते बोरवेल सूखने लगे हैं और निगम की आपूर्ति पर भी दबाव बढ़ा है।

**चार दिन से नहीं हुआ जलप्रदाय** : महेशनगर निवासी दिलीप सिंह तंवर ने बताया कि क्षेत्र में चार दिन से जलप्रदाय नहीं हुआ है। भीषण गर्मी में पानी के लिए मशक्कत करना पड़ रही है। पेयजल की व्यवस्था तो जैसे-तैसे हो रही है, लेकिन अन्य उपयोग के लिए पानी का संकट बना हुआ है। महिलाएं और बच्चे तपती दोपहरी में पानी के लिए यहां-वहां भटक रहे हैं।

> रविवार को गंगासागर, शांतिनगर, पोलोग्राउंड टंकी से देरी से जलवितरण किया गया। डैम में एक सप्ताह बाद मड पंप लगाने की आवश्यकता पड़ सकती है। आपूर्ति सामान्य रखने के सभी इंतजाम किए जा रहे हैं।
>
> **-हनीफ शेख, कार्यपालन यंत्री व जलप्रदाय विभाग प्रभारी नगर निगम**

25-4-22



वार्ड 33 में स्क्रैप मार्केट के पास वाले क्षेत्रों में टैंकरों से आपूर्ति की गई। ● नईदुनिया

नईदुनिया
25-4-22

# पेड़ गिरने से घायल युवक का मुंबई में हुआ आपरेशन

25-4-22

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। नगर निगम चौराहा व महलवाड़ा रोड पर नगर निगम भवन से कुछ दूर सड़क किनारे पेड़ गिरने से घायल हुए 27 वर्षीय क्षितिज मूणत निवासी जैन कालोनी (महलवाड़ा) का मुंबई में इलाज चल रहा है। रविवार को वहां के एक निजी अस्पताल में क्षितिज की कमर का आपरेशन करीब चार घंटे चला।

उल्लेखनीय है कि 23 अप्रैल की सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे नगर निगम भवन से कुछ दूर पेट्रोल पंप के समीप गुलमोहर का पेड़ अचानक गिर गया था। इससे वहां से बाइक पर गुजर रहे क्षितिज व एक्टिवा वाहन पर जा रहे 35 वर्षीय नवदीप व्यास निवासी सेठजी का बाजार पेड़ की चपेट में गए थे। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। नवदीप की जांघ में चोट आई थी।

**उपचार**

- **चार घंटे चला आपरेशन, कमर के नीचे का हिस्सा नहीं कर रहा काम**
- **सिर में चोट आई थी व रीड की हड्डी में फ्रेक्चर हुआ था**

प्राथमिक उपचार के बाद नवदीप को इंदौर रेफर किया था। उन्हें एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार चल रहा है। वहीं क्षितिज मूणत के सिर में चोट आई थी व रीड की हड्डी में फ्रेक्चर हुआ था। इससे उनकी कमर के नीचे का हिस्सा व दोनों पैरों ने काम करना बंद कर दिया था। पहले उन्हें अहमदाबाद ले जा रहे थे। बाद में स्वजन इलाज के लिए मुंबई ले गए। उनके रिश्तेदार सुशील मूणत ने बताया कि क्षितिज का शनिवार को मुंबई में डाक्टर ने आपरेशन किया है।

# ाज' में हर गरीब के सिर पर पक्की

# सपना होगा साकार

## परिवारों को गृह प्रवेश कराएंगे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान

## कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र में यह कार्यक्रम किया जाएगा आयोजित



होगा। इस मौके क्लिक से 50 तग्राहियों के बैंक 500 करोड़ रुपए ाए जाएंगे। इन की लागत 3900 ए है। उधर, प्रदेश नगरीय निकायों में क्रम आयोजित जिनमें क्षेत्रीय धियों सहित और लाभार्थी होंगे। मुख्यमंत्री से वर्चुअल चर्चा भी करेंगे। नगरीय वं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह, विभाग ी ओपीएस भदौरिया भी कार्यक्रम में शामिल होंगे।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का संकल्प है कि प्रदेश का कोई भी गरीब कच्चे मकान में नहीं रहेगा। हर व्यक्ति का अपना पक्का मकान होगा। प्रधानमंत्री आवास योजना में वर्ष 2024 तक हर व्यक्ति को पक्का आवास उपलब्ध करा दिया जाएगा। मुख्यमंत्री के इसी संकल्प को पूरा करने के लिये प्रदेश में ग्रामीण विकास विभाग द्वारा इस योजना में तेजी से कार्य जारी है और इसके अच्छे परिणाम सामने आए हैं। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी 29 मार्च को प्रदेश के 5 लाख 21 हजार हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में गृह-प्रवेश (वर्चुअल) कराया था। प्रदेश में अभी तक इस योजना में 24 लाख 10 हजार से अधिक आवास पूर्ण कराए जा चुके हैं। वर्ष 2016-17 में योजना में 152 आवास पूर्ण हुए थे, वर्ष 2017-18 में 6 लाख 36 हजार, वर्ष 2018-19 में 6 लाख 79 हजार, वर्ष 2019-20 में 2 लाख 71 हजार, वर्ष 2020-21 में 2 लाख 60 हजार एवं वर्ष 2021-22 में 5 लाख 41 हजार से अधिक प्रधानमंत्री आवास पूर्ण कराये जा चुके हैं। योजना के अंतर्गत प्रोजेक्ट में बैगा, सहरिया एवं भारिया जनजातियों के स्वीकृत आवासों में से 23 हजार से अधिक आवास पूर्ण कराए जा चुके हैं।

सरकार ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा एक अप्रैल, 2016 से प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) देश में शुरू की गई। इसमें सभी पात्र बेघर परिवारों एवं कच्चे तथा जीर्ण-शीर्ण मकानों में रह रहे ों को वर्ष 2024 तक पक्का आवास उपलब्ध कराया जाएगा, जिनमें सभी बुनियादी सुविधाएं होंगी। योजना में हितग्राही का चयन सामाजिक, आर्थिक एवं जाति जनगणना-2021 की सर्वे सूची के र किया जाता है। योजना में समतल क्षेत्र में रहने वाले व्यक्तियों को 01 लाख 20 हजार रुपए प्रति आवास एवं आईपीए जिलों (इंटीग्रेटेड एक्शन प्लान फॉर ट्राइबल एण्ड बेकवर्ड डिस्ट्रिक्ट) में 01 हजार रुपए प्रदान किये जाते हैं। आवास स्वीकृत होने पर 25 हजार रुपए की पहली किश्त, प्लिंथ स्तर पर 40/45 हजार रुपए की दूसरी किश्त, लिंटल स्तर पर 40/45 हजार रुपए की तीसरी आवास पूर्ण होने पर 15 हजार रुपए की चौथी किश्त दी जाती है। साथ ही शौचालय निर्माण के लिये 12 हजार रुपए अतिरिक्त रूप से दिए जाते हैं। मनरेगा योजना में आवास के हितग्राही को न की मजदूरी का भुगतान भी किया जाता है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का कहना है कि हमारा टारगेट है कि 2024 तक हर गरीब को पक्की छत उपलब्ध करा देंगे।

### 31 लाख 36 हजार परिवारों का नाम जोड़ा गया

सामाजिक, आर्थिक एवं जाति जनगणना-2021 की सर्वे सूची में छूटे हुए पात्र व्यक्तियों को प्रधानमंत्री आवास दिलवाने के लिए आवास प्लस योजना शुरू की गई है। इसमें प्रदेश में छूटे हुए 31 लाख 36 हजार परिवारों का नाम जोड़ा गया है, जिन्हें भारत सरकार की गाइड-लाइन अनुसार आवास दिए जा सकेंगे। प्रदेश में अभ्युदय नवाचार के माध्यम से ऐसे ग्राम अथवा ग्राम पंचायतें, जहां 100 से अधिक आवास बन रहे हैं, वहां विभिन्न योजनाओं को जोड़कर एकीकृत कार्य-योजना बनाई जाती है, जिससे ग्राम एवं ग्रामीणों का सर्वांगीण विकास हो सके। इसमें सामुदायिक और व्यक्तिगत अधोसंरचना निर्माण, सामाजिक सुरक्षा, आजीविका सुदृढ़ीकरण आदि कार्य किए जाते हैं। अभ्युदय नवाचार में पूरे प्रदेश में अभी तक 2731 ग्रामों का चिन्हांकन किया गया है, जिनमें से 1668 ग्रामों के सर्वांगीण विकास की विस्तृत कार्य-योजना बनाई जा चुकी है। प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास निर्माण में फ्लाई ऐश ब्रिक्स के उपयोग के लिए हितग्राहियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। ये ईंटें सामान्य ईंटों की तुलना में सस्ती एवं गुणवत्तापूर्ण होती हैं। प्रदेश में स्व-सहायता समूहों को भी आवास निर्माण के कार्य से जोड़ा गया है। प्रदेश में 33 स्व-सहायता समूहों के 300 से ज्यादा सदस्य लगभग 60 से 65 हजार फ्लाई ऐश ईंट प्रतिदिन बना रहे हैं। इसके अलावा लगभग 2800 स्व-सहायता समूहों के 11 हजार 840 सदस्यों को बैंकों से ऋण दिलवा कर सेन्टरिंग सामग्री उपलब्ध कराई गई है। इन कार्यों से ग्रामीण क्षेत्र के स्व-सहायता समूहों की महिलाओं का आर्थिक सुदृढ़ीकरण भी हो रहा है।

स्वतंत्र समय 25-4-22

# कचरा, गंदगी व अतिक्रमण करने पर 16 व्यक्तियों पर जुर्माना

## मोहन नगर व सायर चबूतरा में दुकानें सील

रतलाम। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करते हैं, मलबा डालकर व सामान से अतिक्रमण करते है, अमानक पॉलीथीन का उपयोग एवं विक्रय करते हैं, खुले में यूरिन करते हैं उन पर लगाम लगाने हेतु संबंधितों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत 22 व 23 अप्रैल को 16 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया साथ ही मोहन नगर में 2 व सायर चबुतरा में 1 दुकान को सील किया गया।

निगम आयुक्त के निर्देशानुसार विकास-सज्जनलाल सुराणा, अशोक बाफना पर 5000-5000, मोहम्मद सिद्धीक, पंचन मेवाद कुमावत नया मंदिर धर्मशाला, मुबारिक खान पर 2000-2000, मोहम्मद रफीक, विमल कुमार, मुकेश, अब्दुल, मनोज शर्मा टिल्लूभाई, माहेश्वरीजी, दिलीपचन्द गोटूलाल, अमृत ट्रेडिंग पर 500-500, शिव राठौर, कन्हैयालाल, महेन्द्रसिंह, प्रेम आचार्य पर 250-250 रूपये का स्पॉट फाईन कर भविष्य में गंदगी, अतिक्रमण व अमानक पॉलीथीन का उपयोग ना करने की समझाईश दी। स्पॉट फाईन की कार्यवाही उपयंत्री राजेन्द्र मिश्रा के निर्देशन में स्पॉट फाईन दल द्वारा की गई।

राज एक्सप्रेस
25-4-22

## पीएम आवास योजना शहरी के हितग्राहियों को वितरित करेंगे हितलाभ

रतलाम ● मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 27 अप्रैल बुधवार को प्रात:11 बजे भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन केन्द्र में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के एक लाख से अधिक हितग्राहियों को हितलाभ वितरित करेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा सिंगल क्लिक से 50 हजार से अधिक हितग्राहियों को 500 करोड़ रुपए की राशि का अंतरण किया जाएगा। साथ ही 30 हजार से अधिक हितग्राहियों के आवासों का भूमि-पूजन एवं 21 हजार हितग्राहियों के नवीन आवासों का गृह प्रवेश भी करवाया जाएगा। इन आवासों की कुल लागत लगभग 3900 करोड़ रुपए है। मुख्यमंत्री श्री चौहान हितग्राहियों से संवाद भी करेंगे।

# 27 सफाई मित्रों का एक दिन का वेतन काटा

रतलाम। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार वार्डों में स्वच्छता पर्यवेक्षण के लिए नियुक्त पर्यवेक्षकों द्वारा वार्डों में प्रात: छह व दोपहर दो बजे सफाई मित्रों की उपस्थिति को चेक किया गया। इसके तहत रविवार सुबह 22 व दोपहर में पांच सफाई मित्र बिना सूचना के अनुपस्थित पाए जाने पर निगम आयुक्त के निर्देशानुसार एक व आधे दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त/निलंबन का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। ऐसे सफाई मित्र जो प्रात: की पाली में उपस्थित रहते हैं व दोपहर की शिफ्ट में बिना सूचना के अनुपस्थित रहने पर संबंधित का पूरे दिन का वेतन कटेगा।

रविवार को जोन क्रमांक-एक में विक्की-दिनेश, बादल-दिलीप, राकेश-रतनलाल, विजय-सुरेश, अजय-विनोद, जोन क्रमांक-दो में रोहित-रमेश, नितिन-कमल, रमेश-मुंशी, महेंद्र-नेहरू, रवि-सुरेश, शिवकन्या-रमेश, राकेश-रामप्रसाद, राधाबाई-गोपाल, उषाबाई-धन्नालाल, राजू-मोटूलाल, अमरपाल-गोपाल, मुन्नीबाई-बालकिशन, इंद्राबाई-दिनेश, जोन क्रमांक-तीन में फकीरचंद-रतन, जोन क्रमांक-चार में सुनीताबाई-शिव, श्यामाबाई-जगदीश, राहुल-मनोहर, दोपहर की शिफ्ट में जोन क्रमांक-दो में सरजूबाई-राजेंद्रसिंह, संगीताबाई-रमेश, अनिताबाई-दीपक, कलाबाई-पिस्तौल, जोन क्रमांक-तीन में नरेंद्र-कन्हैयालाल बिना सूचना के कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाए गए।

## रात्रिकालीन सफाई के छह कर्मचारियों का वेतन काटा

शहर के व्यावसायिक क्षेत्रों की रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था का निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा शनिवार को निरीक्षण किए जाने पर दीपक-रतन, रवि-ओंकार, अमन-सुदेश, विशाल-कैलाश, विकास-किशोर व संदीप-संजय कर्तव्य स्थल पर अनुपस्थित पाए गए। संबंधित कर्मचारियों का एक दिन का वेतन काटने व सेवा से बर्खास्त किए जाने हेतु कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश संबंधित को दिए।

## कचरा संग्रहण के लिए लगाई 256 ट्रीप

रतलाम। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर-घर से पृथक-पृथक एकत्रित किए जा रहे गीले-सूखे कचरे, सड़कों व नाले-नालियों की सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन वजन किया जाकर जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया जा रहा है। इसके तहत रविवार को 256 ट्रीप के माध्यम से 101 मीट्रिक टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया गया। डंपर से 21905 किलो, ट्रैक्टर से 5430 किलो, मैजिक सूखा कचरा 48430 किलो, मैजिक गीला कचरा 25450 किलो, सैनेटरी कचरा तीन किलो, घरेलू हानिकारक कचरा दो किलो इस तरह कुल 101220 किलो कचरा ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया गया।

## गंदगी और अतिक्रमण करने वाले छह व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। नगर निगम द्वारा शहर में गंदगी फैलाने, अतिक्रमण करने और अमानक पालिथीन का उपयोग करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। रविवार को छह व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार क्षत्रिय खटीक धर्मशाला से 7000 रुपये, नीलेश जैन से 5000 रुपये, अकबर से 3000, अमीर, राकेश व संतोष से 500-500 रुपये का जुर्माना वसूला गया। स्पाट फाइन दल ने सभी को भविष्य में गंदगी, अतिक्रमण व अमानक पालिथीन का उपयोग नहीं करने की समझाइश दी। कार्रवाई उपयंत्री राजेंद्र मिश्रा के निर्देशन में की गई।

नईदुनिया
25-4-22

# नो-हॉकर्स जोन मामला फिर टला, पांच माह में तीन आदेश बेअसर

## सब्जी-फल के ठेले 24 से लगना थे तय स्थान पर

**भास्कर एनालिसिस**

भास्कर संवाददाता | रतलाम

जिले में ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के लिए कागजों पर कवायद तो हो रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर मामला शून्य ही है। जी हां, एक बार फिर ऐसा हुआ है। कलेक्टर ने 24 अप्रैल से शहर को नो-हॉकर्स जोन बनाने का तय किया था, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। रविवार को पूर्व की तरह ही फल सब्जी की दुकानें लगती रहीं। इधर, अब निगम अधिकारियों ने नया टारगेट तय किया है, उनकी माने तो 29 अप्रैल से शिफ्टिंग की जाएगी।

शहर की ट्रैफिक व्यवस्था का हाल खराब है। पिछले सालों में जो जैसा है... वह वैसा की तर्ज पर काम हो रहा है, कोई भी बड़ा बदलाव देखने को नहीं मिला है। पिछले सोमवार को मीटिंग में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने शहर में लगने वाले फल-सब्जी के ठेले को तय स्थान पर लगाने के लिए नगर निगम को 24 अप्रैल तक के लिए डेड लाइन दी थी, लेकिन यह भी गुजर गई। रविवार को इसपर अमल नहीं हो सका। हालांकि, इसके पीछे निगम के अधिकारी शहर में बड़ी कथा होने की बात कह रहे हैं। उनके मुताबिक अब कथा खत्म होने के बाद 29 अप्रैल को शिफ्टिंग की जाएगी।

### 7 दिन में लागू हो सकती थी व्यवस्था

- शिफ्टिंग को लेकर 3 मीटिंग हो चुकी है। लेकिन बेअसर रही है।
- पहला फैसला 20 नवंबर को हुआ था। फल सब्जी के ठेलों को एक जगह शिफ्ट करने का तय था। ट्रैफिक की मीटिंग थी।
- पुलिस नगर निगम के भरोसे रही, निगम इंतजाम नहीं कर सका। ऐसे में शिफ्टिंग का मामला टले गया।
- इसी मीटिंग में शहर में वन-वे, ट्रैफिक लाइट को लेकर भी फैसले हुए लेकिन अभी लागू नहीं है।
- फरवरी में दूसरी मीटिंग हुई, यह बातें दोहराई, यह भी बेअसर थी।
- सोमवार कलेक्टर ने डेडलाइन तय की, जो 29 अप्रैल की है।

25-4-22

**यहां शिफ्ट होना थीं फल-सब्जी की दुकानें... अभी खाली पड़ी जगह** - जिले में फल सब्जी के ठेले-दुकानों को त्रिवेणी, जवाहर नगर श्मशान, चेतक ब्रिज के नीचे, सैलाना रोड पर शिफ्ट किया जाएगा। अभी जगह को समतल तो किया है, लेकिन अन्य कोई व्यवस्था नहीं है।

**अब 29 को होगी शिफ्टिंग** - सिटी इंजीनियर सुरेश व्यास ने बताया कि अब 29 अप्रैल को शिफ्टिंग की जाएगी। अभी शहर में बड़े आयोजन भी हो रहे है। फल-सब्जी की दुकानों को नए स्थान पर ले जाना टला है।

भास्कर
25-4-22